कार्यालय:-जिला न्यायाधीश, धौलपुर

क्रमांक- स्था०/2024/46 दिनांक- 13.03.24

-: आदेश :-

बाड़ी मुख्यालय पर न्यायालयों में प्रकरणों के समानीकरण हेतु सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाड़ी की प्राप्त सूची के आधार पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक स्था./2023/185 दिनांक 21.09.2023 के द्वारा न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाड़ी में लम्बित विविध दीवानी प्रकरण संख्या-11/2023 उनवान अभिजीत बनाम लक्ष्मी को न्यायालय अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम-3 बाड़ी में अन्तरित किया गया था।

अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम-3 बाड़ी ने अपने पत्रांक 02 दिनांक 14.02.2024 के यह अवगत कराया है कि उक्त विविध दीवानी प्रकरण से संबंधित मूल वाद प्रकरण संख्या 558/17, अभिजीत बनाम लक्ष्मी न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाड़ी में ही लंबित है।

अत: मै, **सतीश चंद**, जिला न्यायाधीश, धौलपुर **सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 24** के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए न्यायालय अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम-3 बाड़ी में लम्बित विविध दीवानी प्रकरण संख्या-11/2023 (22/2024) उनवान अभिजीत बनाम लक्ष्मी को न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाड़ी में विधिवत् सुनवाई एवं निस्तारण हेतु अन्तरित करता हूँ।

प्रकरण की पत्रावली को आवश्यक इंद्राजात कर पक्षकारान् को सूचित करते हुए अन्तरिती न्यायालय में तुरन्त भिजवाया जावे।

13/3/24

(सतीश चंद)
जिला न्यायाधीश
धौलपुर

क्रमांक- स्था०/2024/859-862 दिनांक- 13.03.24

प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ निम्न को प्रेषित है:-

1. अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मु.न्या. मजिस्ट्रेट, क्रम-3 बाड़ी
2. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाड़ी
3. कम्प्यूटर लिपिक, जिला न्यायालय, धौलपुर को वेबसाईट पर अपलोड हेतु
4. आदेश/संबंधित पत्रावली

13/3/24

जिला न्यायाधीश
धौलपुर